लेखकों के लिए रियायती दरों पर रेल-यात्रा सुविधा

1267. **श्रीमती सरला माहेश्वरी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार लेखकों के लिए रियायती दरों पर यात्रा सुविधा प्रदान करने के संबंध में संस्कृति संसद की ओर से कोई प्रस्ताव मिला है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रस्ताव के पीछे क्या उद्देश्य है;

(ग) क्या हिंदी लेखकों के एक बड़े वर्ग ने सांप्रदायिकता के खिलाफ जन-जागरण अभियान को शुरू करने की खातिर इलाहाबाद जाने के लिए ऐसी सुविधाओं की मांग की थी;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इतने अच्छे कार्य के लिए लेखकों को ऐसी सुविधा देने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि नहीं, तो क्या देश को सांप्रदायिकता के जहर से बचाने के लिए रेलवे मंत्रालय कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ) : (क) से (ग) अक्तूबर, 1993 के दौरान इलाहाबाद में आयोजित की जाने वाली संस्कृति संसद में भाग लेने वालों को यात्री किरायों में 50% छूट देने के लिए एक अनुरोध प्राप्त हुआ है ।

(घ) और (ङ) रेल दर जांच समिति की सिफारिशों के आधार पर रेल यात्रा रियायत संबंधी नीति को युक्तिसंगत किया गया है । गाड़ियों के परिचालन की लागत में वृद्धि, स्थापना और अनुरक्षण आदि के उच्च प्रभारों को ध्यान में रखते हुए मौजूदा रियायत में वृद्धि नहीं की जा रही है । इसी कारण रेल यात्रा में छूट देने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया गया है ।

दमदम से सियालदह के बीच सबअर्बन रेलवे का विकास

1268. **श्रीमती सरला माहेश्वरी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दमदम से सियालदह के बीच चलने वाली सबअर्बन रेलवे के विकास और विद्युतीकरण की परियोजना पर काम हो रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में क्या प्रगति हुई है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

Rilway Accidents

1269. SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the details of Zone-wise Railway accidents since June 15, 1991 till date,

(b) total amount actually paid as compensation to the affected passengers; and

(c) the punishment given to concerned officers and employees responsible?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA): (a) Zone-wise railway accidents for the period of June 15, 1991 to 30-6-1993 are as under—

Railway	No. of accidents
Central	108
Eastern	103
Northern	127
North Eastern	64
Northeast Frontier	98
Southern	130
South Central	125
South Eastern	199
Western	108

(b) A sum of Rs. 330.16 lakhs has been paid to next of the deceased and the injured railway passengers.

(c) Every accident is inquired into either departmentally or by the Commissioners ot Railway Safety and suitable action is taken against the indicated staff based on the findings of the Inquiry Committee.

The punishment imposed on the staff include removal, dismissal, compulsory retirement from service, reduction and reversion in grade, stoppage of annual increments etc. depending upon the seriousness of lapses committed.

मुफ्त रेल पासों का जारी किया जाना

1270. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आज तक जिन व्यक्तियों/संगठनों को रेल में यात्रा करने के लिये मुफ्त पास दिये गये हैं उनके नाम क्या हैं;

(ख) ऐसे व्यक्तियों के नाम और पतों का ब्यौरा क्या है